संतोष कुमार गंगवार
Santosh Kumar Gangwar

श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
भारत सरकार
Minister of State Labour & Employment
(Independent Charge)
Government of India

सत्यमेव जयते

संदेश

भ्रष्टाचार मिटाओ- नवभारत का निर्माण करो

माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री संतोष कुमार गंगवार का संदेश।

गांधी जी का प्रसिद्ध कथन है कि इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त संसाधन है परंतु लालच के लिए नहीं। भ्रष्टाचार वह बाधा है जिसपर राष्ट्र के लोगों के द्वारा काबू पाना अनिवार्य है ताकि एक खुशहाल राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। जब तक हमारे देश से भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होगा, आर्थिक खुशहाली, अवसंरचनागत विकास, तथा सर्वांगीण प्रगति के राष्ट्रीय लक्ष्य अधूरे ही रहेंगे। लोगों एवं सरकार की सामूहिक इच्छाशक्ति के बिना भ्रष्टाचार उन्मूलन असंभव है।

मैं मानता हूं कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सरकार, नागरिकों तथा निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के सभी हितधारकों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। देश के प्रत्येक नागरिक को हर समय सतर्क एवं ईमानदारी और अखण्डता के उच्चतम मानकों के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करना चाहिए। ई-गवर्नेंस, कार्यवाहियों में पद्धतिबद्ध परिवर्तन, न्यूनतम विवेक तथा प्रौद्योगिकी आधारित रिड्यूस्ड पब्लिक इंटरफेस तथा ऑटोमेशन से भी भ्रष्टाचार को कम करने में काफी मदद मिलेगी।

120, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : +91-11-23717515, 23710240 फैक्स : +91-11- 23711708
120, Shram Shakti Bhawan, New Delhi-110001 Phone : +91-11-23717515, 23710240 Fax : +91-11- 23711708
बरेली कैम्प ऑफिस : टेलिफैक्स : 0581-2577777, 2545555 Bareilly Camp Office : Telefax : 0581-2577777, 2545555

संतोष कुमार गंगवार
Santosh Kumar Gangwar

सत्यमेव जयते

श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
भारत सरकार
Minister of State Labour & Employment
(Independent Charge)
Government of India

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने पारदर्शिता लाने तथा भ्रष्टाचार मिटाने के लिए अनेक उपाय किए हैं। नियोक्ता, कर्मचारी तथा प्रवर्तन एजेंसियों के दैनिक काम-काज में पारदर्शिता लाने के लिए मंत्रालय ने एक एकीकृत श्रम सुविधा पोर्टल विकसित किया है जो कि उनके मध्य एकल संपर्क बिंदु है। विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के मध्य आंकड़ों के एकीकरण हेतु प्रत्येक श्रम कानून के अंतर्गत प्रत्येक निरीक्षण योग्य इकाई को एक श्रम पहचान संख्या (एलआईएन) निर्धारित की गई है। सभी श्रम कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु श्रम सुविधा पोर्टल ही एकमात्र विण्डो है। इस पोर्टल का उद्देश्य निरीक्षणों की रिपोर्ट देने तथा विवरणियां जमा करने को सुविधाजनक बनाना है तथा यह सभी हितधारकों के सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता के साथ श्रम कानूनों से संबंधित सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता तथा जवाबदेही को संवर्धित करने के लिए बहुत ही प्रभावी टूल है।

भ्रष्टाचार मिटाने तथा अखण्डता, पारदर्शिता एवं हमारे संचालनों के सभी पहलुओं में सुशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए नागरिक के साथ-साथ एक संगठन के रूप में हमें आगे बढ़कर नेतृत्व करने की आवश्यकता है। केवल भ्रष्टाचार उन्मूलन द्वारा ही हम एक नए, सशक्त एवं खुशहाल भारत का निर्माण कर सकते हैं।

(संतोष कुमार गंगवार)

120, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : +91-11-23717515, 23710240 फैक्स : +91-11- 23711708
120, Shram Shakti Bhawan, New Delhi-110001 Phone : +91-11-23717515, 23710240 Fax : +91-11- 23711708
बरेली कैम्प ऑफिस : टेलिफैक्स : 0581-2577777, 2545555 Bareilly Camp Office : Telefax : 0581-2577777, 2545555